## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–18.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

- राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज शाम चार बजे से, लोकहित में विभिन्न विभागों से जुड़े कई प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज नगर सेवा संवर्ग के दो सौ नवासी अभ्यर्थियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, शिक्षा विभाग से जुड़े छह पोर्टल भी करेंगे लॉन्च।
- ज्ञानेश कुमार देश के नये मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त, राजीव कुमार की लेंगे जगह, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जारी की अधिसूचना।
- दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ के बाद झारखंड में विशेष सतर्कता, भीड़भाड़ वाले स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ी, बिना टिकट प्लेटफार्म में प्रवेश की अनुमति नहीं।
- राज्य में आज से पश्चिमी विक्षोभ का असर, छायेंगे बादल, मौसम विभाग ने दो दिन बारिश की जतायी संभावना, वज्रपात का भी येलो अलर्ट।

********************

राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक आज शाम चार बजे से होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में रांची के प्रोजेक्ट भवन में आयोजित इस बैठक में लोकहित में विभिन्न विभागों के कई प्रस्तावों को मंजूरी दी जा सकती है। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग ने दी है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा चयनित नगर सेवा संवर्ग के अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन में होगा। नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री राज्य में शैक्षणिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से तैयार छह पोर्टल भी लॉन्च करेंगे।

********************

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरु हो रहा है। इस सिलसिले में आज दिन के साढ़े बारह बजे विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों की एक बैठक बुलायी है। बैठक में सत्र को लेकर इन पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जायेंगे।

********************

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त–सीईसी नियुक्त किया गया है, क्योंकि मौजूदा चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है। सीईसी ज्ञानेश कुमार केरल कैडर के 1988 बैच के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं। वे संसदीय मामलों के मंत्रालय में सचिव के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। उनके साथ ही डॉ. विवेक जोशी को नया चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। वे हरियाणा कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों आयुक्तों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की है।

********************

दिल्ली स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ मचने से महाकुंभ जा रहे 18 लोगों की मौत के बाद झारखंड में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इस सिलसिले में डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर एडीजी अभियान संजय आनन्दराव लाटकर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेल और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद श्री लाटकर ने बताया कि एहतियात के तौर पर कई कदम उठाये गये हैं।

********************

इस बीच कोडरमा में उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने कई यात्रियों से बातचीत की और उनसे संयम पूर्वक ट्रेन में सफर करने की अपील की। निरीक्षण से पहले जिला प्रशासन और रेल प्रशासन के बीच एक बैठक भी हुई, जिसमें यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर कई निर्णय लिए गए।

********************

केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के अवर सचिव जॉय सक्सेना की अध्यक्षता में पश्चिमी सिंहभूम जिले के बैंक समन्वयकों के साथ आकांक्षी जिले के मुख्य संकेतकों पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अवर सचिव ने वित्तीय वर्ष 2023– 24 के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की उपलब्धियों की समीक्षा की और कई सुझाव दिए। साथ ही उनपर अमल करने का निर्देश दिया।

********************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।


********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुआ थाना क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने दो आईईडी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि रोवाम जंगल के बीच गंगदा नदी के पास सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को 20 किलोग्राम और पांच किलोग्राम वजन के दो आईईडी मिले हैं। उन्होंने बताया कि ये विस्फोटक सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए माओवादियों द्वारा लगाए गए थे।

********************

दुमका तसर उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी है। संताल परगना राज्य में सबसे ज्यादा कोकून का उत्पादन करता है। यहां के कोकून उत्पादक किसानों को और उन्नत बनाने के उद्देश्य से उद्योग विभाग की ओर से दुमका के इनडोर स्टेडियम में प्रमंडल स्तरीय तसर उत्पादन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीआरडीए निदेशक अभिनव जैन ने कहा कि सरकार किसानों की आयवृद्धि की तमाम संभावनाओं पर काम कर रही है।

********************

राज्य सरकार की ओर से पाकुड जिले के ग्रामीण इलाकों की महिलाओं को कृषि कार्य से जोड़कर उन्हें स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

********************

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ और राजस्थान के ऊपर बन रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर दिखने लगा है। इस वजह से मौसम में परिवर्तन का अनुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि आज से आसमान में बादल छायेंगे और अगले दो दिन राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

********************

अखिल भारतीय रेलवे हॉकी प्रतियोगिता रांची के हटिया स्थित एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में शुरु हो गया है। इसका उदघाटन मंडल रेल प्रबंधक और दक्षिण पूर्व रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष जसमीत सिंह बिन्द्रा और मोना बिन्द्रा ने किया। पहले मैच में मेजबान दक्षिण पूर्व रेलवे ने उत्तर पश्चिम रेलवे को दो के मुकाबले तेरह गोल से पराजित किया दूसरा मैच उत्तर मध्य रेलवे और रेल व्हील फैक्टरी के बीच खेला गया। इस मुकाबले में उत्तर मध्य रेलवे ने रेल व्हील को आठ–तीन से हराया।

********************

राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने महाकुंभ को लेकर रेलवे स्टेशनों पर हो रही भीड़ को देखते हुए झारखंड में उठाये गये एहतियाती कदमों की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– रेलवे स्टेशनों पर व्यवस्था में सुधार, बिना टिकट प्लेटफार्म में प्रवेश नहीं।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– झारखंड के भीड़भाड़ वाले स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ी।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– उम्रकैद की सजा काट रहे 37 कैदी होंगे रिहा।

दैनिक जागरण लिखता है– अब नौकरियों की बारी, सीएम आज दो सौ नवासी अभ्यर्थियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।

********************